735. संत मावजी का संबंध है

(a) डूँगरपुर (b) जोधपुर
(c) बीकानेर (d) अलवर

RPSC-2017

Ans. (a) : संत मावजी का जन्म डूँगरपुर जिले के साबला गाँव में हुआ था। मावजी द्वारा प्रतिपादित संप्रदाय को निष्कलंक संप्रदाय के नाम से जाना जाता है। इस संप्रदाय का उद्देश्य मानव जाति के पापकर्मो तथा दुराचरण से उद्भवित कलंक को धोकर निष्कलंक समाज की स्थापना करना था।

736. बिश्नोई निम्नलिखित में से किसी पूजा करते हैं?

(a) पीपाजी की (b) धन्नाजी की
(c) तेजाजी की (d) जाम्भोजी की

RPSC-2011

Ans. (d) : बिश्नोई सम्प्रदाय के संस्थापक जंभोजी (1451-1526ई.) ने अनुयायियों के लिए 29 नियम निर्धारित किये थे। बिश्नोई विष्णु और कृष्ण को एक देवता के रूप में पूजते है। और स्वयं को जम्भेश्वर के अनुयायी कहते है। विश्नोई संप्रदाय की प्रमुख पीठ मुकाम (बीकानेर) में स्थित है। जाम्भोजी के माता पिता का नाम हंसादेवी एवं लोहटजी था।

737. लोकदेवता जाम्भों जी का जन्म कब हुआ था-

(a) 1351ई. (b) 1451ई.
(c) 1551 ई. (d) 1651ई.

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

738. मुकाम प्रसिद्ध है-

(a) जैनियों के लिए
(b) बिश्नोइयों के लिए
(c) सिक्खों के लिए
(d) जसनाथियों के लिए

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

739. निम्न में से कौन विश्नोई सम्प्रदाय का संस्थापक था?

(a) हरभूजी (b) पाबूजी
(c) जाम्भोजी (d) गोगाजी

LDC Exam -2018
RPSC-2017
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018
महिला सुपरवाइजर परीक्षा -2018

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

740. राजस्थान के किस लोकदेवता के माता-पिता का नाम हंसादेवी और लोहटजी था?

(a) पीपाजी (b) धन्नाजी
(c) जाम्भोजी (d) सिद्ध जसनाथजी

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

741.राजस्थान का ग्रामीण बिश्नोई सम्प्रदाय किस लोक-देवता का अनुयायी है?

(a) हरभुजी (b) मेहाजी
(c) जांभोजी (d) पाबूजी

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

742. रूणीचा के बाबा रामदेव के अनुयायी किस पंथ के अन्तर्गत समाविष्ट हैं?

(a) कामड़िया पन्थ (b) नवल पन्थ
(c) बैराग पन्थ (d) नाथ पन्थ

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (a) : बाबा रामदेव रूणेचा श्याम के नाम से जाने जाते हैं। रामदेवजी ने 'कामड़ियापंथ' की स्थापना की। इस पंथ के लोगों द्वारा रामदेव जी के मेले में तेरहताली नृत्य किया जाता है। रामदेव श्रीकृष्ण के अवतार माने जाते हैं। इनकी पंचरंगी ध्वजा को नेजा कहते है।

743. 'कामडिया पंथ' के संस्थापक कौन थे?

(a) संत रामदेव (b) संत धन्ना
(c) संत पीपा (d) संत रामचरण

कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक)-13.12.2020
RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

744. 'धौलीधूब' राजस्थान के किस संत से सम्बन्धित है?

(a) संत चरणदास (b) संत पीपा
(c) संत रामचरण (d) संत लालदास

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (d) : 'धौलीधूब' राजस्थान के संत लालदास से सम्बन्धित है। संत लालदास का जन्म 1540 ई. में अलवर जिले के धौलीधूब गांव में हुआ था। इन्होंने तिजारा के मुस्लिम संत गदन चिश्ती से दीक्षा ली और लालदासी सम्प्रदाय की स्थापना कर निर्गुण भक्ति का प्रचार किया। मेव (मुसलमान) संत लालदास को अपनी पीर मानते हैं। संत लाल दास मेवात क्षेत्र से संबंधित है। लालदास मुश्लिम समुदाय के थे।

745. निम्नलिखित संतों में से कौन मेवात क्षेत्र से सम्बन्धित है?

(a) हरिदास (b) दादूदयाल
(c) लालदास (d) पीपा

पटवार परीक्षा -2020
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

746. निम्नलिखित संतों में से कौन जन्म से मुसलमान था?

(a) मावजी (b) हरिदास
(c) लालदास (d) चरणदास

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) परीक्षा -2018
कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (c) –उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

747. नवल संप्रदाय की मुख्य पीठ स्थित है–

(a) शाहपुरा में (b) साबला में
(c) जोधपुर में (d) रेण में

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : नवल संप्रदाय की मुख्य पीठ जोधपुर में स्थित है। नवल संप्रदाय की स्थापना नवलदासजी ने की थी। इनके उपदेश 'नवलेश्वर अनुभववाणी' में संग्रहित हैं। यह संप्रदाय राजस्थान के जोधपुर व नागौर में अत्यधिक लोकप्रिय हैं।

748. कतरियासर प्रमुख गद्दी है–

(a) विश्नोई सम्प्रदाय की (b) जसनाथी सम्प्रदाय की
(c) दादू पंथ की (d) लालदासी सम्प्रदय की

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) परीक्षा -18.05.2022
RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022